हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 12 नवंबर 2025

07 आईजा ने मुनिश्री सुधा सागर का पाया आशीर्वाद



08 शहर की खूबसूरती में दाग लगा रहीं जर्जर...





## विदिशा मंडी भाव

| | | |
|---|---|---|
| शरवती | 2600 | 3170 |
| गेहूं 1544 | 2000 | 2760 |
| चना | 4500 | 5625 |
| मसूर | 5800 | 6676 |
| सोयाबीन | 2801 | 5480 |
| सरसों | 6950 | 7800 |
| धान | 1000 | 3131 |
| मूंग | 3825 | 5572 |
| तेवड़ा | 2900 | 3101 |
| मक्का | 1137 | 1700 |
| धनिया | 7301 | 7301 |
| तुअर | 0000 | 0000 |
| बटरा | 2700 | 3360 |

**अनियमित्ताएं:** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख सचिव को लिखा पत्र

# जिपं अध्यक्ष ने किया निरीक्षण, ग्रामीण यांत्रिकी कार्यालय का कच्चा चिट्ठा उजागर

**कार्यपालन यंत्री का संभागस्तर से पुनः पदस्थापन तथा संबंधितों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है।**



विदिशा। कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जानकारी लेती हुईं जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने मंगलवार को ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भुगतान, अभिलेख संधारण और कार्य निष्पादन में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं, जिन पर उन्होंने नाराज़गी जताई।

सूत्रों के अनुसार चलित देयकों का भुगतान बिना आवश्यक 10 प्रतिशत तकनीकी परीक्षण के ही किया जा रहा था। ठेकेदारों से सीमेंट-स्टील के जीएसटी पेड बिल तथा खपत विवरण भी प्राप्त नहीं किए गए थे, फिर भी भुगतान जारी कर दिया गया। इसके साथ ही उपस्थित पत्रक में कार्य पालन यंत्री तथा संभागीय ऑडिटर का नाम दर्ज नहीं मिला। पंचायत राज अधिनियम के मुताबिक प्रभार देने के लिए आवश्यक सामान्य प्रशासन समिति से अनुमोदन भी नहीं लिया गया था। इन गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए जिपं अध्यक्ष ने प्रमुख सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को पत्र भेजकर कार्यपालन यंत्री का संभागस्तर से पुनः पदस्थापन तथा संबंधितों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है।

रघुवंशी ने स्पष्ट कहा कि जनहित के निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की अनियमितता स्वीकार नहीं की जाएगी। नियमों का पालन अनिवार्य है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी। मंगलवार को ग्रामीण यांत्रिकी सेवा का औचिक निरीक्षण करने पहुंचीं जिपं अध्यक्ष को कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा राजेश्वरी सिंह बघेल अनुपस्थित पाई गई। सुबह जिपं में बैठक थी फोन लगाकर निज सहायक द्वारा पूछा गया तो उन्हे बताया गया कि कार्यपालन यंत्री आकस्मिक अवकाश पर है। सीईओ जिला पंचायत ने फोन पर बताया कि ईई आरईएस के द्वारा अवकाश की स्वीकृति नहीं ली गई है और अवकाश का आवेदन नहीं पाया गया तथा 10 प्रतिशत चेकिंग का रिकार्ड भी नहीं पाया गया। उपस्थिति पंजी के अवलोकन में पाया गया कि एक उपयंत्री अनुपस्थित थी। कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा का नाम पंजी में नहीं पाया गया।

### यह कमियां उजागर

- निरीक्षण के दौरान केशबुक 31 अक्टूबर तक लिखी पाई गई।
- व्हाउचर क्रमांक 19 के अवलोकन में पाया कि एसई आरईएस भोपाल के पीओएल का भुगतान राशि 21500 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विदिशा के खाते से किया गया।
- एसडी रिलीज में केशबुक पर ईई आरईएस के हस्ताक्षर नहीं पाए गए।
- निर्माण कार्यों के भुगतान किए गए देयकों में सीमेंट, स्टील का कोई विवरण अंकित नहीं है।
- ग्रेवल सड़क निर्माण पुलिया सहित ग्राम मदागन ग्राम पंचायत सांकलोन ग्राम धर्मपुर में 2 किमी तक भुगतान किए गए देयकों में सीमेंट, स्टील का कोई विवरण अंकित नहीं है।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दुर्घटनाएं रोकने पर हुई चर्चा

## गुलाबगंज मोड़ पर सड़क किनारे रखीं गुमठियों और सब्जी ठेलों को हटाने का निर्णय लिया गया



विदिशा। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता।

**पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के पालन की समीक्षा भी की गई और संबंधित विभागों द्वारा प्रस्तुत पालन-प्रतिवेदनों पर चर्चा की गई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में मंगलवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर में बने डिवाइडरों के दोनों ओर सोलर लैम्प लगाए जाएं, जिससे रात्रिकालीन दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। साथ ही शहरी क्षेत्र स्थित सभी स्कूलों के सामने चेतावनी संकेतक एवं रंबल स्ट्रिप लगाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि बच्चों की आवाजाही सुरक्षित रहे।

बैठक में एनएचएआई द्वारा निर्मित भोपाल—सागर मार्ग स्थित गुलाबगंज मोड़ को दुर्घटना संभावित क्षेत्र बताते हुए वहां सड़क किनारे लगने वाले गुमठियों और सब्जी ठेलों को हटाए जाने का निर्णय लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि अवैध रूप से सड़क पर बैठे विक्रेता दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ाते हैं, इसलिए उन्हें वैकल्पिक स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा। बैठक में एसपी रोहित काशवानी, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति के आवेदन 19 तक करें

**विदिशा।** पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजनांतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 में 17 सीटों के विरुद्व पात्र अभ्यार्थियों के आवेदन आमंत्रित किये जा रहें है। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सहायक संचालक द्वारा बताया गया कि अतः पिछड़ा वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो विदेशी संस्था से पीजी, पीएचडी, पोस्ट पीएचडी कोर्स में अध्ययन करने में इच्छुक हों व पात्रता रखते हो वह 19 नवम्बर तक एनआईसी छात्रवृत्ति पोर्टल 2.0 के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

### प्रमाणपत्र, ट्रॉफी और नगद राशि देकर सम्मानित किया

**गुलाबगंज।** ग्राम अटारीखेजड़ा में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में विधायक मुकेश टंडन की उपस्थिति में सेक्टर स्तरीय प्रतियोगिताएं हुईं। विभिन्न ग्राम पंचायतों की टीमों ने रस्सा-खींच, चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़ और कबड्डी में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष रजनी लोधी, सीईओ जितेंद्र जैन, मंडल अध्यक्ष डॉ. प्रतीक सिंह कंग सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। विजेता प्रतिभागियों को विधायक टंडन ने मौके पर ही प्रमाणपत्र, ट्रॉफी और नगद राशि देकर सम्मानित किया।

### 17 वर्षीय नाबालिग पुलिस को इंदौर में मिली

**विदिशा।** जिले में गुमशुदा एवं अपहता बच्चों की तलाश के लिए चल रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के अंतर्गत पथरिया थाना पुलिस ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। एसडीओपी कुरवाई रोशनी सिंह के मार्गदर्शन में टीम ने 17 वर्षीय गुमशुदा नाबालिग को इंदौर से सकुशल बरामद कर लिया। बालिका 19 अगस्त से लापता थी, जिस पर प्रकरण दर्ज किया गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बालिका को सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द कर सराहनीय कार्य किया।

### पंचायत ग्यारसपुर में ग्राम गौरव दिवस मना

**ग्यारसपुर।** ग्राम पंचायत ग्यारसपुर में ग्राम गौरव दिवस मनाया गया। मां सरस्वती की पूजा-अर्चना और अतिथियों के पारंपरिक स्वागत के बाद सरपंच राजू कुशवाह ने 11 केक काटकर उत्सव की शुरुआत की। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर और जनपद सीईओ जितेंद्र जैन ने ग्यारसपुर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों शालभंजिका, माला देवी मंदिर, बजारा मठ सूर्य मंदिर और बौद्ध स्तूप का महत्व बताया।

### बासौदा से गुम बालिका फिरोजाबाद में मिली

**विदिशा।** गंजबासौदा पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत हरियाणा के तिगांव, जिला फिरोजाबाद से 16 वर्षीय अपहता बालिका को सकुशल बरामद किया। वर्ष 2021 में दर्ज अपहरण प्रकरण में एसपी के निर्देशन तथा एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे, एसडीओपी शिखा भलावी और थाना प्रभारी संजय वेदिया के नेतृत्व में लगातार तकनीकी खोजबीन की गई। टीम की तत्परता से बालिका को सुरक्षित पाकर न्यायालयीन प्रक्रिया पूर्ण कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस की इस कार्यवाही से परिवार ने राहत की सांस ली।

# एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर दिए कड़े निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

एसपी रोहित काशवानी ने सोमवार को जिले की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल और शहर के प्रमुख चौराहों का निरीक्षण किया। उन्होंने चेकिंग प्वाइंट्स पर तैनात पुलिस बल से बातचीत कर निर्देश दिए।

एसपी काशवानी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे हर समय अलर्ट मोड पर रहकर वाहनों एवं व्यक्तियों की गहन जांच करें तथा आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न होने दें।

उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने और संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे, सीएसपी अतुल सिंह, कोतवाली और सिविल लाइन थाना प्रभारी सहित यातायात प्रभारी मौजूद रहे।

## जिलेभर के 190 सीएचओ आज सामूहिक अवकाश पर सीएमएचओ को सौंपेंगे ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** जिलेभर के 190 सीएचओ आज सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। समय पर वेतन न मिलना। महीनों तक पीबीआई का भुगतान न होने और मनमर्जी से वेतन कटोती करने के विरोध में आज जिलेभर के सीएचओ जिला मुख्यालय पर एकत्रित होंगे। इसके बाद सीएमएचओ डॉक्टर रामहित कुमार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। सीएचओ संघ के जिलाध्यक्ष डॉक्टर सुरेंद्र किरार ने बताया कि सभी ब्लॉक में सीएचओ ने एक दिन के सामूहिक अवकाश की सूचना समस्त बीएमओ को दी है। उल्लेखनीय है अपनी समस्याओं को लेकर सीएचओ कई बार ज्ञापन दे चुके हैं, इसके बाद भी समय पर वेतन और पीबीआई उन्हे नहीं दिया जा रहा है। वेतन में भी मनमर्जी से कटौती की जाती है। जिससे जिलेभर के सीएचओ में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

### स्वतंत्रता सेनानी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम



**विदिशा।** स्वतंत्रता सेनानी रघुवीर चरण शर्मा की तृतीय पुण्यतिथि पर रघुवीर चरण शर्मा स्वतंत्रता सेनानी ट्रस्ट द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। माधव उद्यान में पौधारोपण और हिंदी भवन में पुष्पांजलि सभा रखी गई, जिसमें नगर के प्रबुद्धजनों ने उनके कार्यों को आगे बढ़ाने पर विचार व्यक्त किए। दोपहर में राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता हुई। कलेक्टर अंशुल गुप्ता व सांसद प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रमों में ट्रस्ट अध्यक्ष गोविन्द देवलिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# धान कटाई मजदूरों को नहीं मिला पूरा भुगतान, रीवा से आए मजदूर कलेक्टर के पास पहुंचे, अफसरों ने दिया आश्वासन

## 400 रुपए प्रतिदिन पर 10 दिन काम, 20 मजदूरों की कुल मजदूरी 76 हजार मजदूरी बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

ककरूआ गांव में धान कटाई का काम करने पहुंचे रीवा जिले के 20 मजदूरों को तय मजदूरी से कम भुगतान मिलने का मामला सामने आया है। मजदूरों ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर किसान पर समझौते के विपरीत कम राशि देने का आरोप लगाया।

शिकायतकर्ताओं के अनुसार किसान ने उन्हें 400 प्रतिदिन की दर से 10 दिन काम कराने का वादा किया था। इस आधार पर 20 मजदूरों की कुल मजदूरी 76 हजार बनती है। मजदूर महिला रोशनी ने बताया कि वे सभी लोग रीवा से आए थे और किसान ने उन्हें काम के बाद स्टेशन छोड़ने का भरोसा भी दिया था। मजदूरों का कहना है कि उन्होंने समय पर और पूरा खेत काटकर काम पूरा किया, लेकिन भुगतान के समय किसान रोजाना की मजदूरी देने से पीछे हट गया और बीघा के हिसाब से सिर्फ 54 हजार देने की बात कह रहा है।



विदिशा। कलेक्ट्रेट पहुंचे मजदूरों को समझाइश देते हुए अधिकारी।

अधिकारियों ने मजदूरों की पूरी बात सुनी और मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आश्वासन दिया है कि मजदूरों को उनकी उचित मजदूरी दिलाई जाएगी और किसान द्वारा किए गए समझौते की सत्यता की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मजदूरों ने उम्मीद जताई है कि उन्हें उनका पूरा मेहनताना जल्द मिलेगा।

## बालक खापरखेड़ा, बालिका अहमदाबाद में मिली

**विदिशा।** गुमशुदा एवं अपहता बच्चों की तलाश के लिए ऑपरेशन मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है।

जिसमें सिविल लाइन पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने दो अलग-अलग प्रकरणों में नाबालिग बालक और बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों से मिलाया। पहले मामले में थाना सिविल लाइन क्षेत्र के 11 वर्षीय बालक के अपहरण की सूचना 9 नवंबर को दर्ज हुई थी। 11 नवंबर को बालक को ग्राम खापरखेड़ा से सुरक्षित दस्तयाब किया। दूसरे मामले में दुर्गानगर निवासी 14 वर्षीय बालिका 2 सितंबर से लापता थी। पुलिस ने 10 नवंबर को थाना गोदरा, जिला अहमदाबाद ग्रामीण (गुजरात) से बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया।

**आरोपी महिलाओं से पूछताछ कर रही कोतवाली पुलिस**

## बिल जमा करने जा रही महिला से चेन स्नैचिंग का प्रयास, दोनों आरोपी महिलाएं पकड़ी गईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मुखर्जीनगर निवासी महिला मधु माहोर के साथ दो अज्ञात महिलाओं ने चेन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया। आरोपी महिलाओं ने वारदात को अंजाम देने का प्रयास तब किया जब मधु माहोर मुखर्जीनगर से बिजली कंपनी कार्यालय में बिल जमा करने जा रही थी। पीड़ित महिला ने बताया कि उन्होंने ऑटो लिया ही था कि अचानक दो महिलाएं जबरन ऑटो में आकर बैठ गईं। कुछ दूरी पर चलते ही एक आरोपी महिला ने मौका पाकर उनके गले से सोने की चेन काट ली। महिला सतर्क थीं, उन्हें हलचल का अंदेशा होते ही उन्होंने शोर मचाया। उनकी आवाज सुनकर ऑटो चालक और आसपास मौजूद लोगों ने दोनों आरोपी महिलाओं को मौके पर ही पकड़ लिया। इसके बाद दोनों को कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस जांच कर रही है।



**ऑपरेशन मुस्कान के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं को किया जा रहा प्रेरित**

# चार हजार से अधिक विद्यार्थी-शिक्षक हुए जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर जिले में 1 से 30 नवंबर तक संचालित किए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत पुलिस द्वारा बाल सुरक्षा, महिला सुरक्षा और साइबर जागरूकता संबंधी कार्यक्रमों को तेज़ी से आगे बढ़ाया जा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य न सिर्फ गुमशुदा एवं अपहत बच्चों की तलाश कर उन्हें सुरक्षित घर पहुंचाना है, बल्कि बच्चों को संभावित खतरों से परिचित कर उनकी आत्म-सुरक्षा क्षमता को मजबूत करना भी है। इसी क्रम में मंगलवार को ट्रिनिटी कान्वेंट स्कूल, विदिशा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्कूल प्रबंधन, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम में महिला प्रधान आरक्षक सुनीता राजपूत एवं आरक्षक मोहित गोस्वामी ने बच्चों को 'गुड टच-बैड टच' की अवधारणा को सरल भाषा में समझाया। साथ ही ऑनलाइन ठगी, साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, डायल 112 तथा महिला हेल्पलाइन 1090 जैसी सेवाओं के महत्व पर भी विस्तार से जानकारी दी। पुलिस टीम द्वारा लैपटॉप और प्रोजेक्टर के माध्यम से आत्मरक्षा और बाल सुरक्षा विषयक शैक्षणिक फिल्में प्रदर्शित की गईं, जिसने विद्यार्थियों को व्यावहारिक समझ प्रदान की। इस दौरान बच्चों को सलाह दी गई कि किसी भी संदिग्ध व्यवहार, अनुचित स्पर्श या ऑनलाइन धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत पुलिस, माता-पिता या शिक्षकों से संपर्क करें।

टीम ने कहा कि इंटरनेट उपयोग करते समय पासवर्ड सुरक्षा, ओटीपी साझा न करना, अनजान लिंक न खोलना जैसी सावधानियां बेहद जरूरी हैं।

विद्यालय प्रबंधन एवं विद्यार्थियों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें संभावित जोखिमों से निपटने के लिए तैयार करते हैं। कार्यक्रमों के माध्यम से जिले में 4 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को उपयोगी सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान की गई।





# देवखजूरी में काल भैरव की शाही सवारी आज निकलेगी

**देवखजूरी।** जिले के ग्राम देवखजूरी में 12 नवंबर, बुधवार को काल भैरवाष्टमी के अवसर पर भगवान श्री काल भैरव जी का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। ग्रामवासियों और दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं की उपस्थिति में दोपहर 2 बजे से रत्नों से सुसज्जित भव्य शाही सवारी निकाली जाएगी, जो उज्जैन की पारंपरिक सवारी की तर्ज पर ढोल-नगाड़ों, डमरू और बाजों के साथ पूरे नगर का भ्रमण करेगी। प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर में पूजन-अर्चन, अभिषेक तथा भंडारे का आयोजन होगा। रात्रि में महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। देवखजूरी में विराजमान प्राचीन काल भैरव मंदिर का इतिहास अत्यंत समृद्ध है। दशकों पूर्व टीले से प्राप्त प्राचीन प्रतिमाओं तथा ग्राम में हुए चमत्कारों से जुड़ी मान्यताओं के कारण यह स्थल क्षेत्र का प्रमुख आध्यात्मिक केन्द्र माना जाता है। यहां पूरी तरह वैदिक पद्धति से पूजा होती है तथा बलि या शराब अर्पण की कोई परंपरा नहीं है। ग्रामवासियों का विश्वास है कि सच्चे मन से की गई प्रार्थनाएँ यहां अवश्य पूर्ण होती हैं। लगभग दो दशक से निकाली जा रही भगवान की शाही पालकी अब क्षेत्र की पहचान बन चुकी है। ग्रामवासियों ने सभी श्रद्धालुओं से इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-5725
सरसों
न्यूनतम भाव-6431
उच्चतम भाव-7810
चना
न्यूनतम भाव-4300
उच्चतम भाव- 5770
मसूर
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-8210
उड़द
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-5340
मक्का
न्यूनतम भाव- 920
उच्चतम भाव- 1901
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-3282
धान
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-2980
गेंहू
न्यूनतम भाव-2361
उच्चतम भाव-3430
मूंग
न्यूनतम भाव- 3780
उच्चतम भाव- 3780
धनिया
न्यूनतम भाव-6850
उच्चतम भाव- 6850

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 33262 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में आए 20 आवेदन

**गंजबासौदा।** मंगलवार को तहसील के पटवारी सभागृह में जनसुनवाई शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग 20 आवेदन प्राप्त हुए। अधिकारियों ने लोगों की शिकायतें ध्यानपूर्वक सुनीं और समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। आगजनी, रास्ते पर कब्जा और जलभराव जैसी शिकायतें बहलोट निवासी दुर्गाबाई ने बताया कि उनके घर में आग लगने से नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रशासन से मुआवजे की मांग की। विजयनगर निवासी नर्मदाबाई ने शिकायत की कि उनके रास्ते पर किसी ने अवैध कब्जा कर लिया है। उन्होंने अधिकारियों से रास्ता खुलवाने की अपील की। इसी तरह, घटेरा वाली धर्मशाला के पास जल निकासी की खराब व्यवस्था और गंदे पानी के जमाव को लेकर भी शिकायत की गई। ग्रामीण सौदान सिंह कुशवाहा ने बताया कि उनके खेत तक जाने वाले सरकारी रास्ते पर कब्जा कर लिया गया है। उन्होंने मौके पर पहुंचकर जांच कर रास्ता दिलाने की मांग की। एसडीएम संतोष बिटोलिया ने बताया कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन जनसमस्याओं के निराकरण के लिए प्रतिबद्ध है और जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# 11 बार रुद्री पाठ, एक क्विंटल गन्ने के रस से किया पुष्पार्चन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वेत्रवती घाट स्थित नौलखी धाम आश्रम के विजय हनुमान मंदिर पर 8 नवंबर से प्रारंभ हुए 11 दिवसीय नर्मदेश्वर महादेव के रुद्राभिषेक के महाअनुष्ठान ने आध्यात्मिक वातावरण को पूरी तरह शिवमय बना दिया है। दिव्य अनुष्ठान में अयोध्या, प्रयागराज के अलावा स्थानीय वेदपाठी प्रकांड 11 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा 25, 652 वेद मंत्रों के द्वारा सुबह 9 से दोपहर 1:30 बजे तक एक क्विंटल गन्ने के रस से भगवान नर्मदेश्वर महादेव का नित्य रुद्राभिषेक किया जा रहा है। अभिषेक के पश्चात शाम 4 बजे से 1100 बिल्व पत्र, 1100 शमी पत्र, और पांच प्रकार के सुगंधित पुष्पों से भगवान शिव के सहस्त्रनामों से पुष्पार्चन संपन्न हो रहा है। इसके अलावा अयोध्या से आए सात ब्राह्मणों द्वारा सवा लाख कनकधारा स्तोत्र का पाठ किया जा रहा है।

महारुद्र अभिषेक के इस अनुष्ठान की पूर्णाहुति 18 नवंबर को होगी। उल्लेखनीय है कि वेत्रवती घाट की तपोभूमि का वातावरण इन दिनों आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ शिव भक्ति में लीन है। बैकुंठवासी सिद्ध संत बाबा जगन्नाथदास महाराज द्वारा स्थापित नौलखी



आश्रम में भगवान जगन्नाथ महाप्रभु और भगवान सीताराम के नवीन विग्रह की स्थापना के बाद अब दिव्य और भव्य शिव लोक निर्माण की परिकल्पना पवित्र संकल्प के साथ नर्मदेश्वर महादेव के महारुद्राभिषेक से प्रारम्भ हो गई है। नौलखी खालसा के श्रीमहंत राममनोहर दास महाराज के सान्निध्य में आश्रम के विजय हनुमान मंदिर परिसर में अद्वितीय शिवत्व की अनुभूति के साथ सुबह से लेकर देर शाम तक आयोजित हो रहा 11 दिवसीय यह दिव्य अनुष्ठान, भक्तों के हृदय में अध्यात्म की नई ज्योति जगा रहा है।

महंत राम मनोहर दास महाराज के साथ-साथ प्रतिदिन नए यजमानों के द्वारा अभिषेक पूजन की जाती है। मंगलवार को यजमान रघुवीर सिंह रघुवंशी कालापाठा, एडवोकेट जयंत रघुवंशी एवं भानुसिंह ठाकुर द्वारा रुद्राभिषेक किया गया। पं. केशव शास्त्री के आचार्यत्व में चल रहे रुद्राभिषेक अनुष्ठान के दौरान पंडित संजय पाठक, पं. अनिल शर्मा, गौरव शर्मा, राहुल शर्मा सहित अन्य वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा एक लय, स्वर और एक साथ भावभगिमां के साथ वेदों की ध्वनियों से जब वातावरण गूंजता है, तो ऐसा प्रतीत होता है मानो सृष्टि स्वयं ॐ नमः शिवाय का उच्चारण कर रही हो। संपूर्ण शक्ति का बीज ही शिवलिंग हैः पं. केशव शास्त्री ने शास्त्रों में वर्णित शिव महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि शब्द से उत्पन्न आकाश और आकाश से उत्पन्न सृष्टि का प्रत्येक कण भगवान शिव के तत्व से ही प्रकाशित है। सृष्टि के आरंभ से लेकर उसके संचालन और संहार तक, शिव ही ब्रह्म, विष्णु और रुद्र रूप में विद्यमान रहते हैं। शास्त्रों में कहा गया है संपूर्ण शक्ति का बीज ही शिवलिंग है। शब्द से उत्पन्न आकाश और आकाश से उत्पन्न सृष्टि का प्रत्येक कण भगवान शिव के तत्व से ही प्रकाशित है। सृष्टि के आरंभ से लेकर उसके संचालन और संहार तक, शिव ही ब्रह्म, विष्णु और रुद्र रूप में विद्यमान रहते हैं। जहां शब्द ही सृष्टि का प्रारंभ है, वहां भगवान शिव की सत्ता उस शब्द की आत्मा है।

## चार आरोपियों को किया गिरफ्तार, तीन आरोपी फरार

# रामदेव मंदिर के संस्थापक पर हमला करने वाले आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को रात्रि के समय भगवान श्री रामदेव मंदिर के संस्थापक पंडित हरिनारायण पाठक और उनके शिष्यों पर स्वरुपनगर क्षेत्र में जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों संजू रघुवंशी, देवेन्द्र रघुवंशी, राजू उर्फ बलराम रघुवंशी, ब्रजेन्द्र मीणा को सिटी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंडित पाठक कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लेकर अपने घर लौट रहे थे। तभी वाहनों पर सवार बदमाशों ने नशे की हालत में उनकी कार को टक्कर मारी। जिसके बाद बदमाशों ने चाकू और रॉड से हमला कर दिया।

इस दौरान मंदिर संस्थापक के साथ दो शिष्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने समय रहते उन्हें बचा लिया और तुरंत उपचार के लिए शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। फरियादी प्रकाश पिता





खुशाल सिंह कुशवाह उम्र 50 वर्ष निवासी राजेंद्र नगर ने सिटी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात्रि के समय वह अपने साथी, विनोद के साथ पंडित हरिनारायण पाठक के वाहन में बैठकर राजेंद्र नगर स्थित भगवान रामदेव के मंदिर से घर जा रहे थे। तभी रास्ते में श्री कृष्णा स्कूल धर्मकांटे के पास से गुजर रहे थे। तभी संजू रघुवंशी, राजू रघुवंशी, गौरव लोधी व उसके साथ अन्य तीन लोगों ने अपनी बाइक खड़ी कर दी और रास्ता रोक दिया जब उक्त लोगो ने रास्ते से हटने के लिये कहा तो गाली, गलौंज करने लगे। इस दौरान संजू रघुवंशी ने छुरे की मूठ से मारा, जिससे मुझे दाहिनी आँख के नीचें चोंट आई। झूमाझटकी में गले में पहनी सोने की चेन वहीं गिर गई। उसी समय पंडित हरीनारायण पाठक गाड़ी से उतरे उन्होने उन लोगो को समझाने का प्रयास किया तो संजू रघुवंशी निवासी रिटेरी ने उनके साथ मारपीट की। जिससे पंडित पाठक की दाहिने आँख के नीचे मूंदी चोट आई, उसी समय विनोद बचाने आया तो उसके साथ भी संजू रघुवंशी एवं उसके साथी राजू रघुवंशी ने मारपीट की। और मेरे साथ चाकू से मारपीट की जिससे मुझे पेट में खरोंच हुई एवं जांघो में खरोंच के निशान आये हैं एवं उल्टे हाथ की कलाई में भी चोंट आई है। उसी बीच राहुल यादव, सुनील चौरसिया आ गये। जिन्होने बीच बचाव किया तब इन लोगों ने गाली, गलौंज करते हुए जानसे मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 126(2), 296 बी, 115(2),351(3),3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है तथा फरार आरोपियों की तलाश जारी है। भगवान श्री रामदेव मंदिर के संस्थापक पंडित हरिनारायण पाठक ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि जब संत, महात्मा सुरक्षित नहीं है तो आम जनता कैसे सुरक्षित होगी। प्रशासन को शराब बंदी पर प्रतिबंध लगाना चाहिए, अपराधी शराब के नशे में यहां वहां घूमते नजर आते हैं और घटनाओं को अंजाम देते हैं। पहले भी गाली, गलौंज मारपीट की अनेक घटनाएं घटित हो चुकी हैं। आरोपियों के हौसले बुलंद हैं।

## लापता बालिका को परिजनों को सुपुर्द किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में शहर थाना पुलिस प्रभारी संजय वेदिया के नेतृत्व टीम गठित की गई। जिसने ऑपरेशन मुस्कान के तहत लापता बालिका को सकुशल हरियाणा से बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया है। दिनांक 25.11.2021 को फरियादी द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री उम्र 16 वर्ष के किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट शहर थाना में दर्ज कराई थी। जिस पर धारा 363 भादंवि के तहत मामला पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया। गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दिनांक 11.11.2025 को अपहता बालिका को तिगांव, जिला फिरोजाबाद (हरियाणा) से सकुशल दस्तयाब किया। बालिका के कथन न्यायालय में कराए गए एवं उसे परिजनों के सुपुर्द किया गया। उक्त कार्रवाई में शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया, राधेश्याम यादव, अखिलेश राजावत, शिवप्रताप, शिवानी मिश्रा की विशेष भूमिका रही।

## रितिक तिवारी बने सहायक प्राध्यापक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (MPPSC) द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक (राजनीति शास्त्र) परीक्षा में नगर के रितिक पुत्र रमाकांत तिवारी का चयन हुआ है। रितिक ने बताया कि उन्हें एक्सीलेंस कॉलेज से स्नातक, एलबीएस कॉलेज से स्नातकोत्तर की शिक्षा ग्रहण की। वर्तमान में वह अतिथि विद्वान के रूप में बीना पीजी कॉलेज में कार्यरत हैं। वह राजनीतिशास्त्र से mppsc की परीक्षा मे सफल रहे। आगे चलकर वह ph.D करना चाहते हैं। उनकी इस सफलता पर परिजनों ने हर्ष व्यक्त किया हैं

### सैंट एसआरएस के चार खिलाड़ियों का चयन

**गंजबासौदा।** सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल के चार बच्चों का शालेय खेलकूद प्रतियोगिता अंतर्गत डॉज बाल एवं सॉफ्ट बाल प्रतियोगिता में राज्य स्तर के लिए चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता 12 से 17 नवम्बर तक छतरपुर और मंडीदीप में सम्पन्न होंगी। खेल अधिकारी कपिल गौड़ एवं कोच गजेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता अंडर 14 वर्ष बालक बालिका में कक्षा आठवीं के छात्र जिगर दुबे का चयन हुआ। दूसरी ओर संभाग स्तरीय डॉज बॉल प्रतियोगिता में विद्यालय के तीन खिलाड़ियों हनी रैकवार, शरद साहू, आयुष अहिरवार का चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता मंडीदीप में 12 नवंबर से आयोजित होगी। सभी चयनित खिलाड़ियों को संस्था के डायरेक्टर केएस यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर सुधा यादव, काउंसलर संघमित्रा यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, उप प्राचार्य रजनी गुप्ता, कार्डीनेटर प्रियंका अग्रवाल खेल अधिकारी कपिल गौड़, एन.एस.एस. प्रभारी कृष्ण पाल सिंह चौहान सहित विद्यालय परिवार ने बधाईयां दी हैं।

## एनएसयूआई ने मांगों को लेकर एसजीएस प्राचार्य को दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को एनएसयूआई ने शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय में धरना देकर प्राचार्य डॉ. नरेन्द्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि बिल्डिंग वर्ल्ड बैंक प्रोटेक्शन मनी से बिल्डिंग की मरम्मत का कार्य करवाया जाए, कॉलेज में ड्रेस कोड एवं आईडी कार्ड तुरंत लागू किया जाए एवं मुख्य गेट लगवाया जाऐ आदि मांगे शामिल हैं। प्राचार्य ने ड्रेस कोड और आईडी कार्ड लागू करने का आश्वासन दिया एवं प्राचार्य ने बिल्डिंग की मरम्मत का कार्य के लिए कंपनी को लेटर लिखा। वहीं एनएसयूआई ने मुख्य गेट लगवाने की जो मांग रखी थी। उसका कार्य पूर्व में ही शुरु हो चुका है। विधायक निधि से महाविद्यालय के लोह के मुख्य गेट का निर्माण कार्य जारी है। इस मौके पर अनेक एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## साइकिलिंग प्रतियोगिता के लिए दल रवाना

**गंजबासौदा।** स्थानीय सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल के छह छात्र-छात्राओं का शालेय कूद प्रतियोगिता अंतर्गत राज्य स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ था। संस्था का चयनित दल को बालाघाट में आयोजित राज्य स्तरीय साईकिलिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विजय की शुभकामनाओं के साथ विदाई दी गई। खेल शिक्षक गजेन्द्र सिंह दांगी ने बताया कि संभाग स्तरीय साईकिलिंग प्रतियोगिता




राजगढ़ में आयोजित की गई थी। जिसमें संस्था के नक्श साहू कक्षा सातवीं, अभिजीत गौतम कक्षा में आठवीं, कार्तिक विश्वकर्मा कक्षा नवमी, नमन साहू कक्षा दसवीं, वैष्णवी रघुवंशी कक्षा आठवीं, हनी रैकवार- कक्षा बारहवीं का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ था। यह प्रतियोगिता बालाघाट जिला मुख्यालय पर 12 नवम्बर से 16 नवम्बर तक सम्पन्न होगी। संस्था के डायरेक्टर केएस यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर सुधा यादव, काउंसलर संघमित्रा यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, उप प्राचार्य रजनी गुप्ता, कार्डीनेटर प्रियंका अग्रवाल खेल अधिकारी कपिल गौड़, एनएसएस परिवार द्वारा सभी खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सफलता की शुभकामनाएं दी गई।

### श्रम साहस पुरुषार्थ से समाज, नगर, जिले एवं प्रदेश में स्थान प्राप्त किया

# शिक्षाविद् बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे बाबू




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बाबूलाल चाचा साहित्यकार भवन में श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित रचनाकारों ने अपने-अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि बाबू ने जिसको छू लिया वह पारस से सोना हो गया। शिक्षा जगत में वह कुशल शिक्षक कर्तव्य निष्ठ, कर्मनिष्ठ, सेवानिष्ठ गुरु के रूप में उनकी ख्याति अजर अमर रहेगी। स्काउट प्रभारी के रूप में उन्होंने नगर के होनहार विद्यार्थियों को विभिन्न प्रदेशों के विभिन्न शिविरों में अपने अनुशासन कर्म, कौशल के प्रदर्शन का अपने मार्गदर्शन में शिक्षण में अवसर दिया। विद्यालय के लिए शील्ड मेडल एवं पारितोषिक छात्रों ने प्राप्त किया। विषम से विषम परिस्थितियों में भी उन्होंने धीरज नहीं खोया वह कहा करते थे कि, हो जाते हैं हजारों रिश्तेदार जब धन पास होता है, टूट जाता है गरीबी में जो रिश्ता खास होता है। ग्रामीण परिवेश में पले बड़े हुए जीवन भर ग्रामीण परिवेश से जुड़े रहे।

शारीरिक, मानसिक बौद्धिक एवं आत्मिक विकास के प्रति निरंतर सचेत रहे। मैं यह तो नहीं कह सकता की सर्वाधिक उनके मन की अंतरंग चर्चा मेरे साथ साझा करते थे। फिर भी जब कभी उनके साथ बैठने का अवसर सौभाग्य से प्राप्त किया तो मैंने पाया कि वह बहुत निर्मम और कठोर भी थे। रिश्तों की प्रति उनकी स्पष्ट समझ थी, कि विपरीत परिस्थितियों में विपत्ति के समय जिन्होंने रिश्ते निभाने से साथ देने से मुंह मोड़ लिया, उनसे कभी कोई रिश्ता मत रखना एवं जिन्होंने बुरे वक्त में किंचित मात्र भी साथ दिया। उन्हें पलकों पर रखना उनके साथ कभी धोखा नहीं करना। बाबू अपने ज्येष्ठ भ्राता बाबूलाल चाचा के प्रति बहुत आदर भाव रखते थे। उन्हें साहित्य के क्षेत्र में अपना गुरु मानते थे। बाबूलाल महेश्वरी, डॉक्टर मदन लाल वैद्य उनके साहित्यिक क्षेत्र के अंतरंग मित्रों में रहे। बाबू हमेशा अपनी मां द्वारा कही जाने वाली लोकोक्ति को कहा करते थे। काल रात जो अंक राई घटे ना तिल बड़े, रहियो जीव, निशंक। श्रद्धांजलि सभा में वैद्यराज निहाल सिंह पंथी, कमलेश सोनी, ओम प्रकाश आर्य, चंद्र कुमार तारण संपादक सृजन परिदृश्य, ऋषभ जैन बिंदास, कवि कमलेश बंसल, गीतकार अनिल जैन, प्रोफेसर ऋषभ कुमार जैन, सुनील बाबू पिंगले सहित अनेक साहित्यकार मौजूद थे। नगर के वस्त्र व्यवसायी सुमन प्रकाश ओमप्रकाश की माताजी का आसमय निधन हो गया। जिस पर उपस्थितजनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की।

# पचमा बायपास की शराब दुकान पर खुलेआम चल रहा अहाता





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

एक ओर जहां प्रदेश सरकार द्वारा लंबे समय से शराब दुकानों के पास अहाता संचालन पूर्ण रुप से बंद कर दिया गया है। जिसके बाद से बड़े नगर एवं महानगरों में अहाता संचालन पूरी तरह से बंद है। लेकिन नगर के पचमा बायपास मार्ग पर संचालित शराब दुकान मैनेजर द्वारा लेनदेन कर खुलेआम अहाता संचालित किया जा रहा है।

ज्ञात हो कि नगर के पचमा बायपास मार्ग पर संचालित कंपोजिट दुकान पर प्रशासन की नाक के नीचे खुलेआम अहाता संचालित हो रहा है। जिसकी जानकारी आबकारी विभाग एवं पुलिस प्रशासन को होते हुए भी प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। शराब दुकान के आगे गुमठियां रखवा ली गई हैं। जिससे मुख्य मार्ग से होकर आने जाने वाले लोगों को अहाता संचालन दिखाई न दे। शाम होते ही पचमा बायपास मार्ग पर अहाता संचालन शुरु हो जाता है जो देर रात तक चलता रहा है। लोगों का कहना है कि क्या इसकी जानकारी पुलिस एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों नहीं है। लेकिन कोई कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। इस संबंध में जब आबकारी उपनिरीक्षक रविशंकर धाकड़ से मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। नगरवासियों ने बताया कि जब से नगर में पुनः शराब ठेकों का संचालन शुरु हुआ है तब से शराब ठेकेदार द्वारा अनियमितताऐं बरती जा रहीं हैं। एक ओर जहां प्रिंट रेट से अधिक दाम में शराब का विक्रय किया जा रहा है। जिससे सुरा प्रेमियों में रोष व्याप्त रहता है। वहीं दूसरी ओर देर रात्रि तक अधिक दाम में शटर के नीचे से शराब का विक्रय किया जा रहा है एवं कर्मचारियों द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है।

### कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक जगननाथ सिंह रघुवंशी का हुआ सम्मान

# आईजा ने मुनिश्री सुधा सागर का पाया आशीर्वाद





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा के प्रतिनिधि मण्डल ने राष्ट्रीय संत मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज से मुलाकात की। इस अवसर पर मुनि श्री के सांनिध्य में धम्मलिपि की पुस्तको का विमोचन व दैनिक स्वराजवाणी समाचार पत्र में मुनि श्री सुधा सागर महाराज का विषयशांख विमोचन किया गया। जिसमें वर्तमान मुनि श्री को भगवान के रूप में देखा जा रहा है। इसी संबंध में उक्त समाचार पत्र की प्रधान संपादक सुश्री सोना जैन ने अपने भावनाओं से ओतप्रेत होकर मुनि श्री के वर्तमान चमत्कारो को अपने समाचार पत्र में प्रकाशित किया। इस मौके पर आईजा के प्रतिनिधि मण्डल ने क्षेत्रीय विधायक जगननाथ सिंह रघुवंशी का शॉल श्रीफल भेंट कर भव्य स्वागत सम्मान किया। इस दौरान आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एड राजीव जैन सैनानी,डिप्टी कलेक्टर के.एल अहिरवार शिवपुरी,जैन मंदिर सिरोंज के अध्यक्ष डॉ राजीव जैन बंटी,भोपाल संभाग के अध्यक्ष सौरभ जैन,अशोकनगर जिला अध्यक्ष गौरव जैन,शिवपुरी आईजा नेता जितेन्द्र जैन आदि मौजूद रहें।

## धम्मलिपि पुस्तक व समाचार पत्र का हुआ विमोचन

**मुनि श्री के प्रवचनों से लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया :** वही क्षेत्रीय विधायक जगननाथ सिंह रघुवंशी ने मुनि श्री से कहा कि हमारे इस क्षेत्र में आपका आगमन होने से पूरे क्षेत्र में जैन समाज के अलावा सभी वर्गा में खुशी देखी जा रही है। साथ ही आपका आर्शीवाद क्षेत्रवासियों को भी मिल रहा है और क्षेत्र की जनता आपका आर्शीवाद पाने के लिए बडी सख्या में आ रही है। वही उन्होने मुनि श्री के समक्ष वर्तमान परिस्थिति व क्षेत्र के विकास को लेकर मुनि श्री से आर्शीवाद प्राप्त किया। वही आईजा के राष्टीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने अपने संदेश में मुनि श्री से वर्तमान परिस्थिति व देशवासियो की खुशहासी के लिए आर्शीवाद प्राप्त किया। वही उन्होने कहा कि पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज एक प्रख्यात जैन मुनि हैं जिनकी अध्यात्मिक वाणी और प्रवचनों से लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उनकी शिक्षाएं आत्म-साक्षात्कार, ध्यान और नैतिक मूल्यों पर केंद्रित होती हैं। पूज्य सुधासागर जी महाराज के प्रवचनों में गहरी दार्शनिकता और सरलता का अद्वितीय संगम है,जो श्रोताओं को जीवन के सच्चे मायने समझने में मदद करता है। उनके मार्गदर्शन में लोग आत्म-शांति और परमात्म-ज्ञान की दिशा में अग्रसर होते हैं।

**मार्गदर्शन और प्रेरणा का एक महत्वपूर्ण स्रोत :** आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने कहा कि पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज एक प्रसिद्ध जैन संत हैं। उन्हें जगतपूज्य, तीर्थचक्रवर्ती और समंतभद्र जैसे कई उपाधियों से सम्मानित किया गया है। 25 सितंबर 1983 को जैनेश्वरी दीक्षा प्राप्त करने के बाद उनका नाम मुनि श्री 108 सुधासागर जी महाराज रखा गया। वह श्रावक संस्कार शिविर और ज्ञानोदयह्ल जैसे कार्यक्रमों के प्रवर्तक हैं और सामाजिक और आध्यात्मिक सुधार के लिए जाने जाते हैं। वही सिरोंज जैन मंदिर के अध्यक्ष डॉ राजीव जैन बंटी ने कहा कि पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज जैन समुदाय सहित समस्त वर्गो के एक सम्मानित गुरु हैं, जो दिगंबर जैन समाज में अपनी साधना और उपदेशों के लिए जाने जाते हैं। उन्हें ह्लतीर्थ चक्रवर्तीह्ल जैसी उपाधियों से भी सम्मानित किया गया है, और वह समुदाय के कई सदस्यों के लिए आध्यात्मिक मार्गदर्शक हैं। पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज दिगंबर जैन समुदाय के एक प्रमुख आध्यात्मिक गुरु हैं। उन्हें जैन धर्म में उच्च सम्मान प्राप्त है और उन्हें ह्लतीर्थ चक्रवर्तीह्ल के रूप में भी जाना जाता है, जो उनके महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाता है। वह अपने अनुयायियों के लिए मार्गदर्शन और प्रेरणा का एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं, जो उनकी शिक्षाओं और उपदेशों का पालन करते हैं।

### सांसद वानखेडे को मिला मुनिश्री का आशीर्वाद

शंखा समाधान कार्यक्रम में आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एड राजीव जैन सैनानी ने मुनि श्री सें निवेदन करते हुए कहा था कि 5 अक्टूबर 2025 को आयोजित पत्रकारो के महासम्मेलन में शामिल होने पहुची सागर सिरोंज संसदीय क्षेत्रीय सांसद डॉ लता वानखेडे को उस समय मुनि श्री से जो आशीर्वाद प्राप्त हुआ था। उसी आर्शीवाद के फल स्वरूप सांसद डॉ लता बानखेडे को कुछ ही दिनों बाद मध्यप्रदेश भाजपा में महामंत्री का पद मिला और वह भाजपा के प्रदेश महामंत्री नियुक्त हुई। वही सांसद डॉ लता वानखेडे ने अपना संदेश देते हुए मुनि श्री से कहा कि में शीघ्र ही मुनि श्री का आशीर्वाद प्राप्त करने एक बार फिर जल्दी ही आउंगी।

## सीएमओ बोले- रिन्यू असंभव

**सिरोंज।** नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू ने प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि वार्ड कं. 01 में बिहारी की चक्की से एच.डी.एफ.सी. बैंक तक सीसी रिन्युवल कार्य हेतु वर्ष 2023 में राशि 10 लाख 84 हजार की तकनीकी स्वीकृति प्राप्त हुई थी, कार्यादेश उपरांत लेआउट किया गया, सड़क की स्थिति अत्यंत क्षतिग्रस्त होने के कारण तकनीकी रूप से रिन्युवल कराया जाना संभव नहीं था, रिन्युवल के स्थान पर नवीन सी.सी. निर्माण कार्य हेतु पुनरिक्षित तकनीकी स्वीकृति प्राप्त किया जाना आवश्यक था, जिसमें कार्य की लागत में 40 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हो रही थी, लेखा नियम अनुसार 20 प्रतिशत से अधिक रिवाईज्ड किया जाना संभव नहीं है। उक्त प्रकरण विचार हेतु पी.आई.सी. के समक्ष रखा गया। पी.आई.सी. के संकल्प कं 299 दिनांक 11 अप्रैल 2025 द्वारा निर्णय लिया गया कि मंडी के ट्रैफिक के कारण जाम की स्थिति निर्मित होती है, अतः नाले के बांई ओर उंचाई बढाकर सी.सी. निर्माण कार्य कराया जावे एवं दाई ओर सी.सी. निर्माण हेतु पृथक से प्राक्कलन तैयार कर कार्य कराया जाए। स्वीकृति उपरांत उक्त कार्य कराया गया। जिसमें कार्य में 08 लाख 81 हजार व्यय हुआ है एवं जितना निर्माण कार्य पूर्ण हो गया था, उसी कार्य का लोकार्पण किया गया है।

# बस स्टैंड व मंडी परिसर में जाम को लेकर बैठक संपन्न

### व्यापारी और पुलिस की बीच जाम रोकने के लिए हुआ विचार विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

पुलिस प्रशासन द्वारा थाना परिसर में थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ को आमंत्रित कर बैठक आयोजित की गई। जिसमे बस स्टैंड व मंडी परिसर में लगने वाले भारी जाम से कैसे निजात मिले उसको लेकर विचार विमर्श किया। यह बैठक लगभग एक घंटे चली। बैठक के बाद थाना प्रभारी विमलेश राय,यातायात प्रभारी रितेश बघेला,मंडी निरीक्षक धन सिंह सहित थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ के व्यापारियों के साथ जितने भी जगह किसनों की उपज की



नीलामी और तोल होती उन कार्य स्थल का देर रात तक निरीक्षण किया और किस तरीके से सिरोंज की आम जानता और किसानों को मंडी क्षेत्र में व्याप्त भारी जाम से निजाद दिला सके इस पर चर्चा की गई। इस मौके पर अनाज तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष समीर भार्गव ने कहा कि मंडी के बाहर सब्जी मंडी में धर्मकांटा लगाने की सहमति व्यापार संघ ने दी। वही व्यापार संघ के अथक प्रयास और मंडी बोर्ड की सक्रियता से कांटा तो बाहर स्वीकृत हों गया था। परंतु कब गुपचुप तरीके से अंदर चला गया। यह जांच का विषय है। मंडी क्षेत्र वैसे शाम तक जाम हट जाता था,परन्तु इस जनहित विरोधी और धुर्भाग्यपूर्ण निर्णय के कारण सिरोंज थाने से नगरपालिका, बसस्टैंड और मंडी तक देर रात तक जाम लगा रहेगा। इस दौरान व्यापारी राजेश मित्तल,कमलेश जैन,प्रियांक जैन,गगन तरण,पप्पू साहू,लोकेश जैन,,मनीष जैन आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# विधिक जागरुकता शिविर किया गया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

न्याय उत्सव विधिक सेवा सप्ताह के तहत विधिक सेवा समिति के द्वारा स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिविर का शुभारंभ न्यायालय द्वितीय जिला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विजय कुमार पांडे ने मां सरस्वती एवं महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया किया। वही विद्यालय के प्राचार्य संजय पाराशर ने शिविर में आए अतिथियों का स्वागत किया।

इस मौके पर न्यायधीश सुश्री अंकिता जैन ने




छात्र-छात्राओं को बाल अधिकार, पॉक्सो अधिनियम और बाल श्रम विरोधी कानूनों और सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों आदि के बारे में विस्तार से बताया। वही न्यायधीश प्रथम जिला न्यायाधीश विजय कुमार पाण्डेय ने उपस्थित छात्र छात्राओं से संवाद किया और शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि औपचारिक शिक्षा के साथ-साथ अनौपचारिक शिक्षा और संस्कार भी बहुत जरूरी हैं। साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं को बताया कि आप भाग्यशाली हो की सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के छात्र हो क्योंकि यहां शिक्षा के साथ साथ संस्कार भी दिए जाते है। कार्यक्रम का संचालन रेखा यादव ने किया अंत में सभी का आभार व्यक्त विद्यालय के आचार्य रवि नेमा ने किया। इस अवसर पर बडी संख्या में छात्र-छात्राएं तथा संस्था के कोषाध्यक्ष एडवोकेट संदीप बघेल,पैरालीगल वालंटियर रामबाबू कुशवाह सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### नगर एवं ग्रामों में 40 से अधिक लोगों को जख्मी कर कुत्ता हुआ गायब

# पागल कुत्ते ने ग्राम में भी बनाया लोगों को शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

फॉलोअप

सफेद रंग के पागल कुत्ते ने तहसील के ग्राम भोंडिया, छींद, सिलवाह में एक दर्जन से अधिक लोगों को शिकार बनाया नगर में भी दो दर्जन से अधिक लोगों को काटने के बाद गायब हो गया। नगर पंचायत की दो टीमें सोमवार से काटने वाले कुत्ते को तलाश रही हैं।

नगर एवं ग्रामों में दर्जनों कुत्ते घूमते रहते हैं नगर की मुख्य सडक़ों बाजारों और गली मोहल्ले में कुत्तों के झुंड घूमते नजर आ रहे है शनिवार को पहला अवसर था। जब किसी कुत्ते द्वारा दो दर्जन से अधिक लोगों को काटकर जख्मी किया गया सिविल अस्पताल में रेबीज का इंजेक्शन ना होने के कारण कुत्ता से काटने वाले लोग रायसेन जाने मजबूर बने रहे। नगर में किसी भी कुत्ते को देखते ही लोग भयभीत होने के साथ छिपने का प्रयास करने लगते हैं। कुत्ता काटने के भय से लोग अपने बच्चों को घरों से बाहर नहीं निकलने दे रहे बच्चों को घरों में ही खेलने मजबूर होना पड़ रहा है।

### कुत्ते से डर का माहौल


पहले पागल कुत्ते ने ग्रामों में लोगों को अपना शिकार बनाया शनिवार को वार्ड नंबर 4 और आसपास के क्षेत्र में कुत्ते ने लोगों को काट कर घायल करने का रिकॉर्ड बना दिया। उसके बाद जैसे ही कुत्ता पकड़ने नगर पंचायत की टीम सक्रिय हुई। कुत्ता गायब हो गया कुत्ता सफेद रंग का है, इस कारण सफेद रंग के कुत्तों से लोग भयभीत और दूर भागने मजबूर बने हुई हैं।

# विंध्याचल पर्वत तलहटी में बसे जामगढ़ में होगी फिल्म की शूटिंग

### गुरुवार को शॉर्ट फिल्म की शूटिंग के प्रति ग्रामीणों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

रायसेन जिले का ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल जामगढ़ अंतर्राष्ट्रीय पहचान हासिल करने जा रहा है। मध्यप्रदेश के श्रीकृष्ण पाथेय में सम्मिलित जामगढ़ में खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए शॉर्ट फिल्म की शूटिंग होगी। यह उल्लेखनीय है कि यहाँ अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में प्रदेश शासन के मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने श्रीकृष्ण की इस ससुराल को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिलने की बात मंच से कही थी। इसे उसी क्रम में माना जा रहा है।




### क्या है विशेष

जामगढ़ की जामवंत गुफा को भगवान श्रीकृष्ण की ससुराल के रूप में आधिकारिक मान्यता मिली हुई है। धर्मग्रंथों के अनुसार, यहाँ स्यमंतक मणि के लिए श्रीकृष्ण और जामवंत के बीच 27 दिन तक युद्ध हुआ था। पराजित होते ही जामवंत को श्रीकृष्ण के भगवद स्वरूप का बोध हुआ। उन्होंने श्रीकृष्ण को स्यमंतक मणि के साथ ही अपनी पुत्री जामवंती भी समर्पित की। तब से जामगढ़ को श्रीकृष्ण की ससुराल माना जाता है।

### 16 से 25 दिसंबर तक चलेगा फेस्टिवल

*फेस्टिवल के मध्यप्रदेश प्रभारी और जामगढ़ पर बन रही फिल्म के निर्देशक सुनील सोन्हिया ने बताया कि खजुराहो विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक नगरी है। यहाँ 16 से 22 दिसम्बर 2025 तक खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आयोजन होगा। इस फेस्टिवल में देश-विदेश के कलाकार, फ़िल्म निर्माता, निर्देशक एवं मीडिया प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस प्रतिष्ठापूर्ण आयोजन में यह फिल्म प्रदर्शित होगी।*

# बरेली के खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर शानदार प्रदर्शन

◆ रजत-कांस्य पदक विजेता बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

शिवपुरी (ग्वालियर) में आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय शालेय हैंडबॉल प्रतियोगिता में नगर बरेली के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत एवं कांस्य पदक अपने नाम किए। 19 वर्षीय बालक वर्ग में तनिष्क डागौर, आर्यन तनवार, पवन कहार, आकिब खान एवं तरुण गोहिले ने हिस्सा लिया, वहीं 19 वर्षीय बालिका



वर्ग में अंशिका साहू, लक्ष्मी पटेल, मानसी साहू, खुशी नौनेरिया एवं पलक रजक ने अपने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी अरविन्द जरारिया ने बताया कि बालिकाओं की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रजत पदक हासिल किया जबकि बालकों की टीम ने कांस्य पदक जीतकर नगर एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया इस उपलब्धि पर मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, नगर परिषद बरेली अध्यक्ष हेमन्त राजाभैया चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश यादव, तथा शासकीय बालक उ.मा.विद्यालय बरेली के प्राचार्य केके बानी ने खिलाड़ियों को बधाई दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

युवा भाजपा नेता एवं समाजसेवी अभिज्ञान नरेन्द्र पटेल ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि खेल से जुड़ी किसी भी आवश्यकता या समस्या के समाधान में वे सदैव सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे।

### वंदे मातरम गीत बना स्वतंत्रता संग्राम का प्रेरणा जागरुकता गीत

# नगर परिषद में हुआ 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम

शासकीय पीएमश्री कन्या शाला की छात्राओं और लोगों द्वारा वंदे मातरम गीत का किया सामूहिक गायन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

◆ आयोजन में कई अधिकारी आदि रहे मौजूद

सोमवार को नगर परिषद कार्यालय में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम हुआ।नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने मां सरस्वती भारत माता की पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

नगर परिषद प्रांगण में वंदे मातरम के विशेष कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत पूर्व उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ सीएमओ हरि शंकर वर्मा, पार्षद पूरन धाकड़ संजय शर्मा के साथ नगर पंचायत के कर्मचारियों अधिकारियों पत्रकारों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में शासकीय पीएम श्री कन्या शाला की छात्राओं उपस्थित लोगों द्वारा वंदे मातरम गीत का सामूहिक गान किया गया।



सीएमओ हरिशंकर वर्मा ने कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल धाकड़ द्वारा किया गया।

### स्वतंत्रता संग्राम में प्रेरणा जारुकता का गीत

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बंगाल के कवि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा 150 वर्ष पूर्व गीत को लिखा गया। वंदे मातरम गीत और उदघोष स्वतंत्रता संग्राम के दौरान प्रेरणा जागरूकता का गीत बन गया। गीत के माध्यम से भारत माता की स्तुति वंदना और गुणगान कर सभी को एकता के सूत्र में लाने का कार्य किया। गीत हमें भारत माता के प्रति समर्पण त्याग और बलिदान की प्रेरणा देता आ रहा हैं।

इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत ने विचार व्यक्त करते हुए बंदे मातरम गीत के प्रभाव और वंदे मातरम का उदघोष करते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान का विस्तार से उल्लेख किया।

### इंदौर में हुई विज्ञान प्रदर्शनी में गुरुकुल स्कूल के विद्यार्थियों की सहभागिता

**बरेली।** सीबीएसई क्षेत्रीय विज्ञान प्रदर्शनी 2025-26 का आयोजन सनमती हायर सेकेंडरी स्कूल, इंदौर में हुआ, जिसमें प्रदेश के 103 विद्यालयों ने भाग लिया। रायसेन ज़िले से केवल गुरुकुल द एक्सीलेंस इंग्लिश मीडियम स्कूल, बरेली ने प्रतिभाग कर पूरे जिले को गौरवान्वित किया। विद्यालय की विज्ञान विभाग प्रमुख रसायन शास्त्र प्रवक्ता एवं रोबोटिक्स शिक्षक के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने दो उत्कृष्ट प्रकल्प प्रस्तुत किए, जिनमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स, संगणक विज्ञान एवं पर्यावरण विज्ञान का सुंदर समन्वय देखने को मिला। कक्षा 9वीं की छात्राएँ श्रेया धाकड़ और कनिका पटेल ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित स्मार्ट मिट्टी निगरानी एवं अनुशंसा प्रणाली विषय पर सतत कृषि थीम में मॉडल प्रस्तुत किया। वहीं कक्षा 11वीं के छात्र प्रांजल शर्मा और पियूष धाकड़ ने सिस्मो-एआई स्मार्ट एवं कम लागत वाला भूकंप प्रारंभिक चेतावनी तंत्र विषय पर उभरती प्रौद्योगिकियाँ थीम में मॉडल प्रदर्शित किया।

**कार्यालय नगर परिषद बरेली, जिला-रायसेन (म.प्र.)**

Ph. 07486-230216, 9993227803 E-Mail - cmobareli@mpurban.gov.in

क्रमांक/2465/म.प्र./2025 बरेली, दिनांक 10/11/2025

**-:दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु आवश्यक सूचना:-**

एतद् द्वारा समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है, कि नगरीय क्षेत्र बरेली में वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक म.प्र. शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग म.प्र. भोपाल के निर्देश अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 (बी.एल.सी. घटक) अंतर्गत प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों के दस्तावेजों का मौके पर सत्यापन किये जाने के उपरांत पात्र (तृतीय) 26 हितग्राहियों की सूची अनुमोदन हेतु वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किये जाने के पूर्व दावे आपत्ति प्राप्त किये जाना है। हितग्राहियों के विरूद्ध किसी भी प्रकार की आपत्ति हो, तो दिनांक 17.11.2025 को समय सायं 05:00 बजे तक प्रमाणित साक्ष्य सहित दावें आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि उपरांत किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। दावा आपत्ति आमंत्रण किये जाने वाले हितग्राहियों की सूची कार्यालय, नगर परिषद बरेली एवं तहसील कार्यालय , बरेली के नोटिस बोर्ड पर आम चस्पा की गई है। जिसका अवलोकन कर निर्धारित समय-अवधि में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

| हेमन्त राजा भैया चौधरी | नेपाल सिंह राजपूत | हरिशंकर वर्मा |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | उपाध्यक्ष | मुख्य नगर पालिका अधिकारी |
| नगर परिषद बरेली | नगर परिषद बरेली | नगर परिषद बरेली |

## जमीनी विवाद को लेकर भतीजे ने अपने ही सगे चाचा पर चढ़ाया ट्रैक्टर, एक ही परिवार के चाचा भतीजे में हुई जमकर सब्बल रॉडों से मारपीट

# पुलिस महकमे के ढीले रवैए से आपराधियों के हौसले बुलंद, शहर में आए दिन सामने आ रही नई घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कोतवाली पुलिस शहर में हो रही आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में नाकामयाब साबित हो रही है। इन घटनाओं में पुलिस की भागीदारी से इनकार नहीं किया जा सकता हैं।

थाना कोतवाली के अंतर्गत मंगलवार को एक जमीनी विवाद को लेकर उपाध्याय परिवार के दो पक्षों में जमकर रॉड लाठियां और सब्बल चले। इस खूनी संघर्ष में जहां सगे भतीजे ने अपने ही चाचा को ट्रैक्टर से



### शहर में बाइक चोरी और मारपीट की घटना हुई आमबात

रौंद दिया। वहीं इस खून खराबे में एक पक्ष के 4 लोगों को गंभीर चोटें आईं। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

कोतवाली पुलिस के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि पुष्कर उपाध्याय भतीजे ने योगराज उपाध्याय चाचा पर हमला करते हुए ट्रैक्टर से कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल हुए योगराज उपाध्याय उनके अन्य भतीजे को जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रैफर कर दिया है।

### पहले भी हो चुका विवाद

इस जमीन विवाद को लेकर पहले भी लड़ाई झगड़े हो चुके हैं। कोतवाली थाने में दोनों पक्ष के खिलाफ सिर्फ काउंटर केस दर्ज हुआ था। वहीं मंगलवार को एक बार फिर से कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया।

### कोतवाली पुलिस पूरी तरह से निष्क्रिय

पाटनदेव स्थित एक खेत पर बने घर के सामने घंटों मारपीट और व खून खराब चलता रहा। लोगों द्वारा पुलिस को सूचना देने के बाद भी पुलिस मौक पर नहीं पहुंच सकी। सूत्रों से बताया जा रहा है कि कोतवाली पुलिस के अधिकारी तो सिर्फ अवैध चौथ वसूली और दोनों पक्षों में राजीनामा के नाम पर वसूली में लगे हुए हैं। ऐसा लगता है कि उनका पेसा तो सिर्फ नोट बटोरने का रह गया है। उन्हें आमजन की सुरक्षा और सरोकार से मानो कोई लेना देना ही नहीं। जब भी कोई मारपीट का मामला कोतवाली थाने पहुंचता है तो पुलिस अधिकारी फरियादी के बयान पर रिपोर्ट दर्ज करने की बजाय फरियादी को ही आरोपी बना कर फिर राजीनामा को लेकर नोट वसूलने का खेल शुरू हो जाता है।

## शहरवासियों के द्वारा सड़क मरम्मत की लगातार हो रही मांग, नहीं की कोई सुनवाई

# शहर की खूबसूरती में दाग लगा रहीं जर्जर सड़कें, आला अधिकारी भी नहीं देते ध्यान

### सड़क निर्माण में घटिया गुणवत्ता सामग्री की बारिश ने खोली पोल, जगह-जगह से क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में सड़कों के विकास की जनप्रतिनिधियों द्वारा बड़े-बड़े वायदे करते हैं, लेकिन धरातल पर वह वादे हकीकत में हवा हवाई हो जाते हैं। शहर की जर्जर और खस्ताहाल सड़कें दावे और विकास की पोल खोलती नजर आ रही है। आलम यह है कि शहर में ना तो सड़कों का विकास हो सका और ना प्रशासन के अधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभा पा रहे हैं। शहर की गलियां व सड़क बदहाली पर अपनी दुर्दशा की कहानी खुद बयां कर रही हैं।

कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर की सड़क का पिछले साल ही पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्माण कराया था। बताया जा रहा है कि घटिया डामर गिट्टी के लेप से सड़कों को बना



दिया, लेकिन बारिश की झड़ी ने सड़कों को मटियामेट करके रख दिया है। फिलहाल सड़कें फिर से मरम्मत की बाट जोह रही हैं।

शहर के गली मौहल्लों की सड़कें मरम्मत के अभाव में पूरी तरह से जर्जर और उनका सीना छलनी हो चुका है। जर्जर सड़कें अब शहर की खूबसूरती में भी बदनुमा दाग लगा रही हैं।

### इनका कहना है

सड़कों की मरम्मत के लिए संबंधित एजेंसी को निर्देशित करेंगे। सड़कों की मरम्मत विकास को लेकर जिला प्रशासन काम कर रहा है। जिन जगहों की सड़कें जर्जर हो चुकी हैं। जिम्मेदार इस्टीमेट बनाकर संबंधित विभागों को भेजें। संबंधित एजेंसी को भी सड़कों की हालत सुधारने निर्देशित किया जाएगा।

**- मनीष शर्मा,** एसडीएम रायसेन।

### मुखर्जी नगर कॉलोनी की सड़क पूरी तरह जर्जर

शहर के मुखर्जी नगर, संस्कार बिहार, अवंतिका कालोनी श्रीराधा कृष्णपुरम, अर्जुन नगर को जाने वाली सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है और सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हादसों को न्यौता दे रहे हैं। पीडब्ल्यूडी विभाग और नगर पालिका के जिम्मेदार न तो सड़क की मरम्मत करा रही है और न ही इस ओर ध्यान दे रही है। सडक के ये गड्ढे किसी दिन बड़ा हादसा बनकर उभर सकते हैं। इसके अलावा प्रत्येक वर्ष होनी वाली मरम्मत भी नहीं हो पाई है। शहर की सबसे व्यस्त सड़क मऊपथरई, सालेरा वाले रास्ता है, जहां से भारी वाहनों के प्रवेश से सडक पूरी तरह उखड़ गई है। वहीं नरापुरा वार्ड 1 से लेकर बायपास की मुख्य रोड़ को जोड़ने वाली सड़क बेहद खस्ताहाल हो चुकी हैं। वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर वाहन चलाने के लिए मजबूर हैं।

### वीआईपी कॉलोनी मार्ग आज तक नहीं बना

जिला मुख्यालय से विदिशा सांची हाइवे की ओर जाने वाला वीआईपी कॉलोनी वार्ड 4 रायसेन मार्ग अभी तक बना ही नहीं है। जबकि शासकीय भवनों में सरकार ने करीब एक अरब रुपए खर्च किए है। लेकिन वहां के मार्ग के सुधार की योजना पर तव्वजों नहीं दी गई है। वीआईपी कॉलोनी में दो किमी का मार्ग बना ही नहीं है। सेंट फ्रांसिस कान्वेंट स्कूल समीप होने से वहां स्कूली बच्चों का आना रहता है। जिला प्रशासन और नपा परिषद ने मार्ग को लेकर कोई कदम नहीं उठाया है।

### वार्डों में भी बुरा हाल

मुख्य मार्ग ही नहीं शहर के वार्डों में भी रास्तों के खस्ताहाल हैं। न तो सीसी रोड निर्माण किया गया है। जिन वार्डों में रास्ते बने भी है। वे पूरी तरह से खराब हो गए हैं। गड्ढों ने रास्तों की छवि बिगाड़ दी है। कुछ सडक़े जर्जर होकर फिसलन वाली बन गई हैं। रात के समय आने में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## उदयपुरा में आयोजित हुई जनसुनवाई

# कलेक्टर ने सुनी लोगों की फरियाद, किया निराकरण




### जनसुनवाई में प्राप्त 169 में से 73 आवेदनों का हुआ त्वरित निराकरण

रायसेन

जनसुनवाई को और अधिक प्रभावी बनाने कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने स्वयं तहसीलों में पहुंचकर जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है।

इसी क्रम में मंगलवार को कलेक्टर ने उदयपुरा तहसील कार्यालय में पहुंचकर आयोजित जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए निराकरण किया। उन्होंने जनसुनवाई में आए आवेदकों से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और संबंधित अधिकारी को समस्या के शीघ्र निराकरण के लिए निर्देशित किया। साथ ही निराकरण उपरांत अवगत कराने के भी निर्देश दिए।

उदयपुरा तहसील प्रांगण में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि खंड या तहसील स्तरीय जनसुनवाई में आने वाले नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक शीघ्र निराकरण किया जाए, जिससे कि उन्हें समस्या के समाधान हेतु जिला मुख्यालय पर आने के लिए परेशान ना होना पड़े। जनसुनवाई में 169 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 73 आवेदनों का कलेक्टर द्वारा मौके पर ही निराकरण किया गया।

## श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह का साक्षी बना खेड़ापति धाम



**बाड़ी।** खेड़ापति धाम बाड़ी कलां में चल रहे धार्मिक महोत्सव के छठवे दिवस श्रीमद् भागवत कथा व्यास प्रीतमानन्द महाराज जी ने श्रीमद् भागवत कथा में कृष्ण रुक्मणी विवाह का चित्रण करते हुए कहां की प्रेम एक ज्योति है भगवान श्री कृष्ण ने हमें श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से जीवन सुधार जीवन को आनंदित बनाने के लिए सफल जीवन सुधारक महामंत्र भागवत महापुराण सुनने का अवसर दिया है इसे ग्रहण करने से व्यक्ति पापों से मुक्ति पाता है। इस कथा के श्रवण करने से मिल जाती है, आज खेड़ापति धाम में आयोजन समिति ने भक्ति स्वरूप दिया श्रीकृष्ण और रुक्मणी की मनमोहक झांकी प्रस्तुति की गई।

## 31 क्वार्टर मदिरा सहित स्कूटर जब्त

# अवैध शराब का परिवहन करते 1 आरोपी गिरफ्तार

### पुलिस ने सलामतपुर थाने के सामने घेराबंदी कर विदिशा के आरोपी को दबोचा

सलामतपुर

मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे पुलिस ने घेराबंदी कर एक युवक को अवैध शराब का परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर ज्यूपिटर स्कूटर की डिग्गी में देसी शराब के 31 क्वाटर कीमत 3720 रुपए बरामद किए हैं।

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि उनको मुखबिर से सूचना मिली कि भोपाल की ओर से एक नीले रंग की स्कूटर में अवैध शराब भरकर बेचने ले जाई जा रही है। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी को मामले से अवगत कराते हुए थाने के सामने प्रधान आरक्षक दिलीप भदौरिया, सुरेश बघेल और



आरक्षक कुलदीप के साथ बेरिकेटिंग कर दी। सूचना के कुछ देर बाद ही एक युवक स्कूटर से आते हुए दिखाई दिया, जिसे रोकने पर आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने तत्परता से आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर ज्यूपिटर स्कूटर एमपी 40 जेडडी 8509 की डिग्गी से देसी शराब के 31 क्वाटर बरामद किए गए।

पुलिस ने आरोपी 26 वर्षीय रवि पिता कालूराम कुशवाह निवासी विदिशा के विरुद्ध आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर स्कूटर भी जब्त कर लिया है।

## ग्राम पंचायत वर्धा की लापरवाही से बिगड़े हालात, ग्रामीण बोले- जीना हो गया दूभर

# ग्राम बूढ़ा में गंदगी का साम्राज्य, सड़कों पर बह रहा गंदा पानी, नालियों के अभाव में बीमारियों का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

तहसील की ग्राम पंचायत वर्धा के अंतर्गत आने वाला ग्राम बूढ़ा इन दिनों गंदगी और अव्यवस्था की चपेट में है। गांव की गलियां कचरे और कीचड़ से पट चुकी हैं, सड़कों पर गंदा पानी बह रहा है और मच्छरों की भरमार से संक्रामक बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। ग्राम पंचायत की लापरवाही और कुप्रबंधन के कारण ग्रामीणों का जीवन नरकीय परिस्थितियों में बदल गया है। जिन गलियों में बच्चों की किलकारियां गूंजनी चाहिए थीं, वहां अब दुर्गंध और मच्छरों का आतंक पसरा है।

ग्राम बूढ़ा में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है। गाँव के अधिकांश हिस्सों में नालियों का निर्माण नहीं हुआ है। जहाँ नालियाँ हैं भी, वहाँ महीनों से सफाई नहीं की गई, जिससे गंदा पानी ओवरफ्लो होकर



सड़कों पर फैल गया है। सड़कों का हाल इतना खराब है कि बारिश के बाद पूरा गाँव दलदल में तब्दील हो चुका है।

ग्रामीणों को घर से निकलने में परेशानी हो रही हैं। गंदे पानी में मच्छरों और मक्खियों का अंबार लग चुका है। ग्रामीणो ने कहा कि हमारे घरों के सामने पानी भरा रहता है। बच्चों को स्कूल भेजना मुश्किल हो गया है। कई बार शिकायत की, पर कोई सुनने वाला नहीं।

### इनका कहना है

ग्राम पंचायत वर्धा के ग्राम बूढा में गंदगी होने तथा साफ सफाई ना होने की जानकारी मीडिया से मिली है। शीघ्र ही ग्राम पंचायत सचिव को साफ-सफाई कराने निर्देशित किया जाएगा।

**- नीलम रायकवार,** सीईओ जनपद पंचायत सिलवानी।

### पंचायत की नाकामी, जिम्मेदारों की चुप्पी

ग्रामीणों के अनुसार, पंचायत सचिव महज खाना पूर्ति कर रहे है। सफाई व्यवस्था नदारद है और गंदगी की शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं होती। स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाएं केवल दीवारों पर लिखी दिखती हैं, जमीन पर उनका कोई असर नहीं है। पंचायत की लापरवाही ने साफ कर दिया है कि जिम्मेदार अधिकारी जनता की समस्याओं के प्रति असंवेदनशील बन चुके हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

### ग्रामीणों की मुख्य मांगें

*पूरे गांव में तत्काल सफाई अभियान चलाया जाए। सड़कों के दोनों ओर पक्की नालियां बनाई जाएं तथा जो सड़के कच्ची है उन सड़कों का कंक्रीटयुक्त निर्माण कराया जावे। फॉगिंग मशीन से मच्छरनाशक छिड़काव किया जाए। सफाई कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति की जाए। दोषी पंचायत अधिकारियों पर प्रशासनिक कार्यवाही की जाए।*

### विकास के वादों में दम, पर धरातल पर पसरा सन्नाटा

*ग्राम बूढ़ा की स्थिति उन सैकड़ों गाँवों की हकीकत बयां करती है जहाँ स्वच्छ भारत मिशन की दीवारों पर नारे लिखे हैं, पर गलियों में कीचड़ भरा है। ग्राम पंचायतों को जवाबदेह बनाना और ग्रामीणों को स्वच्छता अभियान में शामिल करना अब अत्यंत आवश्यक है। यदि प्रशासन ने समय रहते ध्यान नहीं दिया तो आने वाले दिनों में संक्रामक बीमारियाँ पूरे क्षेत्र में फैल सकती हैं। अब सवाल यह है कि क्या ग्राम पंचायत व प्रशासन जागेगा, या फिर ग्रामीणों को इसी गंदगी में जीवन गुजारना पड़ेगा।*

## सांसद खेल महोत्सवः शास. माध्यमिक शाला अंबाडी में हुईं खेल प्रतियोगिताएं

### प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

मंगलवार को सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले शासकीय माध्यमिक शाला अंबाडी में सांसद खेल महोत्सव के तहत प्रतियोगिता का आयोजन किया। खेल प्रतियोगिता के दौरान चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़ और रस्साकशी में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। चम्मच दौड़ में प्रथम स्थान मयंक, द्वितीय निशांत और तृतीय स्थान अंश ने प्राप्त किया। तीनों ही कक्षा आठवीं क्लास के विद्यार्थी है।

वही कुर्सी दौड़ में प्रथम स्थान चमन मोंगिया पिता तुलसीराम, द्वितीय स्थान खुशबू जाटव पिता मलखान और तृतीय स्थान कशिश पिता प्रेम नारायण शाक्य ने प्राप्त किया। रस्साकसी में प्रथम और



द्वितीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया।

खेल कोच विकास जायसवाल, देवेंद्र जाटव, शाला के शिक्षक गण, वर्षा चतुर्वेदी और सहसचिव पंकज बेदी द्वारा प्रथम द्वितीय और तीर्थ स्थान आने पर सम्मानित किया। विकास जायसवाल और देवेंद्र जाटव कोच द्वारा प्रतियोगिता कराई गई। इस दौरान विकास जायसवाल, देवेंद्र जाटव, किशोरी धाकड़, वर्षा चतुर्वेदी, पंकज बेदी, छात्र-छात्राएं सहित शाला के शिक्षक और ग्रामीण उपस्थित रहे।

सांसद खेल महोत्सव में प्रतियोगिताएँ तीन स्तरों पर ग्राम पंचायत, विधानसभा और संसदीय स्तर पर आयोजित की जा रही है।

## श्रीराम परिसर में कई मंत्रियों एवं प्रदेश पदाधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि

### स्व. सुमंत्रा देवी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बोले सिंधिया

# चौधरी परिवार से मेरा आत्मीय संबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मंगलवार की रात करीब साढ़े 8 बजे सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी की माता जी सुमंत्रा देवी चौधरी के निधन के बाद श्रीराम परिसर में शोक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। उनके तैल चित्र पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। माताजी सुमंत्रा देवी का उनके चौधरी परिवार के लिए किए गए योगदान को याद किया।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि सिंधिया परिवार डॉ चौधरी परिवार को सदस्य मानता है। उन्होंने डॉ चौधरी परिवार को दुख की इस घड़ी में धैर्य और ढांढस बंधाया। उनके साथ मंत्री प्रधुम्न सिंह तोमर और तुलसी सिलावट सहित विधायक महेंद्र सिंह सिसोदिया ने तेल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।



### मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र तोमर ने भी स्व. सुमंत्रादेवी को दी श्रद्धांजलि

**रायसेन।** मप्र विधानसभा भवन के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर सोमवार की शाम पहुंचे श्रीराम परिसर। जहां श्री तोमर द्वारा विधायक डॉ चौधरी की मातुश्री सुमंत्रा देवी के देवलोक गमन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि चौधरी परिवार ने अपना वरिष्ठ सदस्य खो दिया है। उन्होंने बताया कि घर के वरिष्ठ सदस्यों ममता मयी मां ने डॉ चौधरी



गांव से निकलकर शिक्षा दीक्षा और अच्छे संस्कार दिए। जो आज जनसेवा के मुकाम तक पहुंचे हैं। उन्होंने परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना व्यक्त करते हुए बोले जल्द ही इस परिवार की भरपाई होगी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत,रघुवीर सिंह सूर्यवंशी, विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, बीजेपी अध्यक्ष राकेश शर्मा, ब्रजेश चतुर्वेदी, नरेंद्र सिंह कुशवाह, धीरेंद्र सिंह, वीर सिंह पटेल, चन्द्रकृष्ण रघुवंशी राजेंद्र राज मीणा, देवनगर मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।